दिन– बुधवार दिनांक– 02 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता जीवनभर की प्रतिज्ञा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का प्रण लें। श्री मोदी स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। श्री मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में सभी ने योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल पन्द्रह दिनों में देश में सत्ताईस लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें अट्ठाईस करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें महात्मा गांधी और देश की अन्य महान हस्तियों के सपनों के भारत को सच्चाई में बदलने के लिए प्रेरित करता है।

—————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी एक सौ पचपनवीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली में राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, प्रदेश में मुख्य समारोह पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया गया जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

—————————————————————

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें याद कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन शास्त्रीनगर पार्क में किया गया, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

—————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर पटना के गर्दनीबाग में निर्मित बापू टावर का लोकार्पण करेंगे। बापू टावर में महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा बिहार से गांधी जी के लगाव को प्रदर्शित किया गया है। इसके निर्माण पर एक सौ उनतीस करोड़ रुपए की लागत आयी है।

———————————————————————

प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ का पानी अभी भी नये इलाकों में प्रवेश कर रहा है। सोलह जिलों की बारह लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में आ चुकी है। इस बीच, केन्द्र सरकार ने बिहार को राहत और बचाव कार्य के लिए छह सौ पचपन दशमलव छह करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि जल्द ही केन्द्रीय टीम बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को दौरा कर बाढ़ हुये नुकसान का आकलन करेगी। इस टीम में कृषि मंत्रालय समेत अन्य मंत्रालयों के अधिकारी शामिल रहेंगे। इधर, राज्य के बाढ़ प्रभावित दुर्गम हिस्सों में वायु सेना के हेलीकॉप्टरों की मदद से राहत अभियान चलाया जा रहा है।

———————————————————————

अभी अभी प्राप्त जानकारी के अनुसार मुजफ्फरपुर जिले में बाढ़ राहत सामग्री ले कर जा रहा वायु सेना के एक हेलीकॉप्टर की औराई क्षेत्र में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि चालक दल सहित वायु सेवा के सभी चार जवान सुरक्षित है।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के जनकपुर गांव के पास एक कार और ऑटो रिक्शा के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। इधर, गया के महेश्वर घाट पर फल्गु नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। गोताखोरों और एसडीआरएफ की मदद से तीन बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।